# सीएम ने स्व-गणना पोर्टल पर कराया पंजीकरण

**राज्यपाल पटेल ने भी स्व-गणना प्रक्रिया में लिया हिस्सा**



भोपाल, 16 अप्रैल. राज्यपाल मंगुभाई पटेल भी आज लोकभवन में देश की 16वीं जनगणना की स्व-गणना प्रक्रिया में शामिल हुए. उन्होंने स्व-गणना पोर्टल पर ऑनलाइन स्व-गणना संबंधी जानकारियाँ दर्ज कीं.

राज्यपाल को बताया गया कि जनगणना का कार्य प्रदेश में दो चरणों में किया जा रहा है. इस कार्य में प्रदेश के 1 लाख 60 हजार कर्मचारियों को संलग्न किया गया है. देश में पहली बार केन्द्र सरकार ने नागरिकों को जनगणना की प्रक्रिया में सह भागिता का अवसर प्रदान करने के लिए स्व-गणना की अभिनव पहल की है।नागरिकों की सहभागिता से जनगणना की जानकारियों की पारदर्शिता ब?गी। जानकारियों में किसी भी प्रकार की त्रुटि की संभावना समाप्त हो जायेगी. उल्लेखनीय है कि जनगणना 2027 का कार्य मध्यप्रदेश राज्य में दो चरणों में किया जाना है.

- 30 अप्रैल तक ऑनलाइन स्व-गणना का कार्य होगा
- एक से 30 मई तक मकान सूचीकरण होगा

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 16 अप्रैल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज से प्रदेश में जनगणना का शुभारंभ हो रहा है. यह सिर्फ आंकड़ों की प्रक्रिया नहीं बल्कि हमारे राष्ट्र के भविष्य को सही दिशा देने का महत्वपूर्ण कदम है. जनगणना देश की रीढ़ है, यह विकास की नींव है.**

इस बार की जनगणना डिजिटल और आधुनिक तकनीक के साथ हो रही है. प्रदेशवासियों को इसमें पूर्ण निष्ठा और सत्यता के साथ भाग लेना चाहिये. यह जनगणना हमारे बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए है.

प्रदेश में 16 से 30 अप्रैल तक ऑनलाईन स्व-गणना का कार्य होगा. एक से 30 मई तक मकान सूचीकरण होगा. यह प्रक्रिया डिजिटल रूप से होगी. मुख्यमंत्री डॉ . यादव ने प्रदेश में जनगणना 2027 की प्रक्रिया के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री निवास के समत्व भवन में आयोजित कार्यक्रम में यह विचार व्यक्त किए. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व-गणना पोर्टल पर प्रारंभिक पंजीकरण कर प्रदेश में स्व-गणना प्रक्रिया का शुभारंभ किया.



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों की प्रक्रिया नहीं बल्कि राष्ट्र के भविष्य को सही दिशा देने का महत्वपूर्ण कदम है. इससे हम जान सकेंगे कि विकास की धारा समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक सुगमता से पहुंच रही है या नहीं. यह जनगणना हमारी अगली पीढ़ी के उज्वल भविष्य के लिए है. प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि जनगणना में वह सही, सटीक और पूर्ण जानकारी दे. जनगणना में लगे कर्मचारी-अधिकारी राष्ट्र निर्माण का पवित्र कार्य कर रहे हैं. उनका परिश्रम और सटीकता से किया गया कार्य देश के भविष्य को मजबूत बनाएगा.

# एमपी में बढ़ी गर्मी की तपिश

- कई हिस्सों में 42 डिग्री पार पहुंचा पारा
- अगले 4 दिन में और बढ़ेगी गर्मी

**भोपाल, 16 अप्रैल. मध्य प्रदेश में मौसम ने अचानक करवट लेते हुए भीषण गर्मी का रूप ले लिया है. राज्य के कई हिस्सों में तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित होने लगा है. मौसम विभाग ने प्रदेश के 16 जिलों में लू चलने का अलर्ट जारी किया है और आने वाले चार दिनों तक स्थिति और गंभीर रहने की संभावना जताई है.**

इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम और जबलपुर संभाग के कई जिलों में गर्म हवाएं लोगों को परेशान कर सकती हैं. रतलाम, झाबुआ, धार, अलीराजपुर, बड़वानी, खरगोन, बुरहानपुर, खंडवा, हरदा, बैतूल, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला और बालाघाट जैसे जिलों में लू का असर अधिक तेज रहने की चेतावनी दी गई है. प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और अनावश्यक रूप से धूप में बाहर न निकलने की अपील की है.



मौसम में यह बदलाव अप्रैल के दूसरे पखवाड़े में देखने को मिल रहा है. महीने की शुरुआत में जहां आंधी, बारिश और ओलावृष्टि से राहत मिली थी, वहीं अब तापमान में तेजी से वृद्धि दर्ज की जा रही है. बुधवार को प्रदेश के 25 से अधिक शहरों में तापमान 40 डिग्री या उससे ऊपर पहुंच गया. नौगांव में अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री सेल्सियस, खजुराहो में 42.2 डिग्री, रतलाम में 42 डिग्री और नर्मदापुरम में 41.8 डिग्री दर्ज किया गया.

इंदौर और ग्वालियर में भी इस सीजन का सबसे अधिक तापमान रिकॉर्ड हुआ, जबकि भोपाल, उज्जैन और जबलपुर में भी पारा 40 डिग्री के करीब रहा. बढ़ती गर्मी को देखते हुए कई जिलों में स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है ताकि बच्चों को दोपहर की धूप से बचाया जा सके.

मौसम विभाग के अनुसार 16 अप्रैल से एक नया सिस्टम सक्रिय हो रहा है, लेकिन इसका प्रभाव सीमित रहेगा और प्रदेश में गर्मी से राहत मिलने की संभावना कम है. विभाग ने लोगों को पर्याप्त पानी पीने, हल्के कपड़े पहनने, धूप से बचने और बच्चों, बुजुर्गों व बीमार व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी है, क्योंकि लू का असर इन पर अधिक होता है.



# जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों को मिले : विश्वामित्र

- विधायक मझिगवां-2, जुड़वार, बोड़ी, बूढ़ाडांड में गांव चलो बस्ती चलो अभियान में हुये शामिल

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 16 अप्रैल। विधानसभा क्षेत्र सिहावल अंतर्गत पं. दीनदयाल प्रशिक्षण वर्ग एवं भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस के तहत ग्राम पंचायतों मझिगवां-2, जुड़वार, बोड़ी, बूढ़ाडांड में गांव चलो बस्ती चलो अभियान विश्वामित्र पाठक विधायक सिहावल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ।**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क एवं संवाद किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विश्वामित्र पाठक ने अपने उद्बोधन में कहा कि भाजपा पं. दीनदयाल उपाध्याय द्वारा दिखाए गए अंत्योदय के सिद्धांत पर चलने वाली पार्टी है, जिसमें अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के उत्थान एवं विकास पर केंद्रित योजनाएं संचालित हैं। प्रदेश एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से कोई पात्र व्यक्ति बंचित ना रहे यह हम सब की जिम्मेदारी है। वहीं नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संबंध में जानकारी देते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि नारी सशक्त होगी तभी देश मजबूत होगा, हमारी सरकार ने पंचायती राज व्यवस्था में पूर्व से ही 50 प्रतिशत स्थान आरक्षित किया है, अब हमारी पार्टी ने लोकसभा एवं विधानसभाओं में भी महिलाओं की भागीदारी एवं उनकी सशक्त उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित करने के लिए ऐतिहासिक कार्य करने जा रही है, जिससे सभी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित होगी। इस अवसर पर रमेश द्विवेदी मण्डल अध्यक्ष, कमलेंद्र चतुर्वेदी, परशुराम तिवारी, मनिक राम पनिका, मंगलदीन बैस, बेचूलाल प्रजापति, सुखदेव सिंह बीईओ, संतोष कोल एसडीओ, राजेंद्र द्विवेदी बीपीओ, सीपी प्रजापति, नंदलाल सिंह, जगवासिया बैगा सरपंच बोंडी सहित अन्य मौजूद रहे।

# सांगठनिक मजबूती के लिए कांग्रेस की बैठक

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 15 अप्रैल. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को भोपाल स्थित इंदिरा भवन में संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण समीक्षा बैठकों की श्रृंखला आयोजित की। इन बैठकों में प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे.**

पहले चरण में इंदौर और खंडवा संभाग के जिला अध्यक्षों के साथ बैठक हुई, जिसमें संगठनात्मक गतिविधियों, जमीनी स्तर पर जनसंपर्क और आगामी कार्यक्रमों की समीक्षा की गई. इस दौरान सह प्रभारी उषा नायडू, प्रशिक्षण विभाग प्रभारी महेंद्र जोशी और संगठन महासचिव संजय कामले सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे.




इसके बाद रीवा और सागर संभाग के जिला अध्यक्षों के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन को अधिक सक्रिय और मजबूत बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए. इसके पश्चात मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की बैठक हुई, जिसमें भविष्य की रणनीति, संगठन विस्तार और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर चर्चा की गई. बैठक में महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी, एआईसीसी सचिव उषा नायडू और पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए. बैठक को संबोधित करते हुए चौधरी ने कहा कि संगठन की मजबूती ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है. वहीं पटवारी ने सोनिया गांधी द्वारा उठाए गए 33 प्रतिशत आरक्षण के मुद्दे का उल्लेख करते हुए बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने पर जोर दिया.

# पोर्टल में दर्ज जन्मतिथि से श्रमिक की आयु की होगी गणना

- आयु संबंधी प्रावधानों को लेकर निर्देश जारी

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 16 अप्रैल. मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना में पंजीकृत श्रमिकों की आयु संबंधी प्रावधानों को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं. श्रम विभाग ने स्पष्ट किया है कि समग्र पोर्टल में दर्ज जन्मतिथि के आधार पर ही संबल पोर्टल पर श्रमिक की आयु की गणना की जाएगी.**

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, किसी भी पंजीकृत श्रमिक की मृत्यु के बाद उसकी आयु (जन्म तिथि) में किसी प्रकार का संशोधन नहीं किया जा सकेगा.

अपर सचिव श्रम विभाग संजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह नियम संबल योजना में भी सख्ती से लागू रहेगा. उन्होंने बताया है कि समग्र पोर्टल पर मृत्यु प्रविष्टि दर्ज करने से पहले संबंधित हितग्राही की जन्म तिथि का गहन परीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाए. एक बार मृत्यु दर्ज हो जाने के बाद किसी भी परिस्थिति में आयु परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी. साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि किसी श्रमिक की आयु पोर्टल पर त्रुटिपूर्ण पायी जाती है, तो उसके सुधार के लिए आवेदन केवल आईटी विभाग के माध्यम से ही किया जा सकेगा. अन्य किसी माध्यम से आयु संशोधन मान्य नहीं होगा.

## चंबल में रेत उत्खनन पर पूर्ण प्रतिबंध

**मुरैना, 16 अप्रैल.** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में अवैध खनिज उत्खनन पर सख्ती बरतते हुए प्रशासन ने चंबल नदी से रेत के उत्खनन एवं परिवहन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है. यह निर्णय टास्कफोर्स की बैठक में लिया गया.

# अवैध रेत परिवहन पर सख्त कार्रवाई संयुक्त दल का रातभर सघन अभियान

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 16 अप्रैल, कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और जिला खनिज अधिकारी के मार्गदर्शन में खनिज एवं पुलिस के संयुक्त दल द्वारा जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया गया।**

यह अभियान 15 अप्रैल 2026 की रात्रि 10 बजे से 16 अप्रैल 2026 की सुबह 10 बजे तक निरंतर जारी रहा। अभियान के दौरान गोपदबनास, बहरी, सिहावल एवं चुरहट तहसील के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक जांच की गई, जिसमें कुल 4 वाहनों को अवैध रेत परिवहन करते पाए जाने पर जब्त किया गया। सभी वाहनों को सुरक्षार्थ संबंधित थानों में ख?ा कराया गया है। कार्रवाई के तहत ग्राम मयापुर, तहसील बहरी में रेत का अनाधिकृत परिवहन करते हुए दो हाइवा वाहन क्रमांक यूपी64एटी 7247 एवं यूपी63एटी 2117 को जब्त कर थाना बहरी की अभिरक्षा में सौंपा गया। इसी प्रकार ग्राम चमरौहा, तहसील सिहावल में हाइवा क्रमांक यूपी63एटी 1918 को अवैध रेत परिवहन करते पाए जाने पर जब्त कर थाना अमिलिया को सुपुर्द किया गया। एक अन्य कार्रवाई में तहसील सिहावल अंतर्गत जांच के दौरान मिनी ट्रक क्रमांक एमपी53 जेडएफ 6979 खनिज रेत से भरा हुआ पाया गया। जांच दल को देखकर चालक ने वाहन से रेत सड़क पर गिराते हुए भागने का प्रयास किया और वाहन को ग्राम मे?ली स्थित शीतला माता मंदिर के पास छोड़कर फरार हो गया। बाद में वाहन को जब्त कर पुलिस चौकी सिहावल परिसर में सुरक्षित खड़ा कराया गया। संबंधित वाहन चालकों एवं स्वामियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई के लिए कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। कलेक्टर के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले में अवैध खनन पर लगातार नजर रखी जा रही है।

## पेज एक का शेष

### बिल को राजनीतिक रंग न दें : पीएम

**मोदी की स्पीच की खास बातें**

- प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हम सभी सांसद इस महत्वपूर्ण अवसर को जाने न दें. हम भारतीय मिलकर देश को नई दिशा देने जा रहे हैं. हमारी शासन व्यवस्था को एक संवेदनशीलता से भरने का एक सार्थक प्रयास करने जा रहे हैं.
- मुझे विश्वास है कि इस मंथन से जो अमृत निकलेगा, वह देश की राजनीति के रूप-स्वरूप को तय करने के साथ देश की दिशा और दशा भी तय करेगा.
- मैं मानता हूं कि विकसित भारत का मतलब, सिर्फ उत्तम प्रकार की रेल, कुछ इंफ्रास्ट्रक्चर, रास्ते या कुछ आर्थिक प्रगति के आंकड़े, सिर्फ इतने से विकसित भारत की सीमित कल्पना वाले हम नहीं हैं. हम चाहते हैं कि विकसित भारत के नीति निर्धारण में सबका साथ-सबका विकास का मंत्र समाहित हो.
- देश की 50 प्रतिशत जनसंख्या देश की नीति निर्धारण का हिस्सा बने, ये समय की मांग है. हम पहले ही देरी कर चुके हैं, कारण कुछ भी हो, जिम्मेदार कोई भी हो. इसे हमें स्वीकार करना होगा.
- देश में करीब 650+ जिला पंचायतें हैं. करीब पौने तीन सौ महिलाएं उसका नेतृत्व करती हैं. एक कैबिनेट मिनिस्टर से ज्यादा जिम्मेदारी होती है उन पर काम करती हैं वो. करीब 6,700 ब्लॉक पंचायतों में से करीब 2700 से अधिक ब्लॉक पंचायतें ऐसी हैं, जिनका नेतृत्व महिलाओं के हाथ में हैं. आज देश में 900+ शहरों में अर्बन लोकल बॉडीज की हेड के रूप में बहनें कार्यरत हैं. मैं मानता हूं, आज देश जो प्रगति कर रहा है, इनका भी महत्वपूर्ण योगदान है, इस ऋण को हमें स्वीकार करना चाहिए.

पीएम मोदी ने कहा कि यहां कुछ लोगों को लगता है कि इसमें मोदी का राजनीतिक स्वार्थ है. इसका अगर विरोध करेंगे तो स्वाभाविक है कि राजनीतिक लाभ मुझे होगा, लेकिन अगर साथ चलेंगे तो किसी को कोई राजनीतिक फायदा नहीं होगा. हमें क्रेडिट नहीं चाहिए.

## डाकपाल पर 1.76 लाख गबन का आरोप

**धार, 16 अप्रैल.** जिले की गंधवानी तहसील स्थित डाक विभाग में वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया है, जहां एक डाकपाल पर एक लाख 76 हजार 500 रुपये के गबन का आरोप लगा है. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. कुक्षी उपसंभाग के अंतर्गत खोड शाखा डाकघर में पदस्थ सहायक शाखा डाकपाल शिवा पिता रामदयाल को 14 मई से 31 मई 2025 तक शाखा का प्रभार सौंपा गया था.

**नाम परिवर्तन सूचना**

मै घ्योषणा करती हूँ कि मेरे पासपोर्ट मे मेरा नाम JAYA RAJE SINGH CHANDEL था जिसे मैं शादी के बाद बदल कर अब अपना नया नाम JAYA RAJE SINGH W/O AVNEESH SINGH कर लिया है कृपया अब से मुझे नये नाम JAYA RAJE SINGH W/O AVNEESH SINGH के नाम से जाना एवं पहचाना एवं संबोधित किया जाय एवं आगे के सभी दस्तावेजों में दर्ज किया जाय तथा मेरे निवास का पता-FLAT 252 EMERALD GREEN SOCIETY REWA ROAD WARD NO 22 SATNA RAGHURAJ NAGAR DISTRICT SATNA (M.P.) है।

# शिल्पी साहू ने 97 .2 अंक प्राप्त कर विद्यालय में किया टॉप

### एमपी बोर्ड परीक्षा में निवास स्थित बाबा विश्वनाथ इंटरनेशनल विद्यालय का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज**

**सरई 16 अप्रैल। एमपी बोर्ड की कक्षा 10वीं अंग्रेजी माध्यम की परीक्षा में बाबा विश्वनाथ इंटरनेशनल स्कूल निवास के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट परिणाम दर्ज कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है।**

विद्यालय की छात्रा शिल्पी साहू ने 97.2 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। इसके साथ ही विमलेश्वर किशोर सिंह एवं प्राची साहू ने 91.2 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिसमें सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इस उल्लेखनीय उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष एवं उत्साह का माहौल है। विद्यालय के प्रबंधक सुभाष चंद्र गुप्ता एवं प्राचार्य जय भास्कर शर्मा ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है, जो अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं कर्मचारियों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं तथा उनके अभिभावकों को भी इस सफलता के लिए बधाई प्रेषित की।



# 10वीं में पॉच मेधावी विद्यार्थियों ने बढ़ाया क्षेत्र और जिले का गौरव : राजेन्द्र

### अवनीश कुमार नाई ने प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल कर किया कमाल, विधायक ने 5 विद्यार्थियों और 50 शिक्षकों के सम्मान की घोषणा की

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 16 अप्रैल। कक्षा 10वीं परीक्षा परिणाम ने इस बार देवसर विधानसभा क्षेत्र को गर्व से भर दिया है।**

उक्त बातें देवसर विधायक राजेन्द्र मेश्राम ने 10वीं के टॉपर छात्र अवनीश को सम्मानित करते हुये कही। उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र के पॉच मेधावी छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए न केवल अपने परिवार और विद्यालय का नाम रोशन किया, बल्कि पूरे सिंगरौली जिले को प्रदेश स्तर पर नई पहचान दिलाई है। इन विद्यार्थियों में अधिकांश छात्र-छात्राएं सरस्वती शिशु मंदिर हैं, जबकि एक छात्र उत्कृष्ट शाउमावि बैढ़न से भी शामिल है। यह सफलता देवसर क्षेत्र में शिक्षा की बढ़ती गुणवत्ता और विद्यार्थियों की मेहनत का प्रमाण मानी जा रही है। इन सभी में सबसे बड़ी उपलब्धि नगवा निवासी अवनीश कुमार नाई ने हासिल की है। सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल, नंदबिहार के इस मेधावी छात्र ने 500 में से 497 अंक अर्जित कर पूरे मध्यप्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। ग्रामीण परिवेश से निकलकर प्रदेश की मेरिट सूची में शीर्ष स्थान प्राप्त करना पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बन गया है।




### 50 शिक्षकों को 5-5 हजार सम्मान राशि देने का ऐलान

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विधायक राजेंद्र मेश्राम विद्यालय पहुंचे और अवनीश कुमार नाई को 25 हजार रूपये की पुरस्कार राशि, भारत का संविधान तथा एक कलम भेंट कर सम्मानित किया। वहीं विधायक ने केवल अवनीश को ही नहीं, बल्कि कुल 5 मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देने का ऐलान किया है। अवनीश को 25 हजार रूपये जबकि अन्य 4 विद्यार्थियों को 10-10 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। साथ ही विद्यार्थियों की सफलता में अहम भूमिका निभाने वाले 50 शिक्षकों को 5-5 हजार रूपये की सम्मान राशि देने की घोषणा भी की गई है।

## शराब पीने से मना करने पर बेटे ने पिता को पीटा

**शिवपुरी, 16 अप्रैल.** मध्यप्रदेश में शिवपुरी जिले के देहात थाना क्षेत्र में शराब पीने से मना करने पर एक युवक ने अपने ही पिता को लाठियों से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया. पुलिस सूत्रों के अनुसार सेन बांसखेड़ी गांव निवासी वृद्ध पप्पू आदिवासी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उसका पुत्र विजय आदिवासी बीती रात अत्यधिक शराब का सेवन कर रहा था. मना करने पर वह भड़क गया और डंडों से उसकी पिटाई कर दी. हमले में पप्पू आदिवासी के दोनों हाथों सहित शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं. बीच-बचाव करने आई पत्नी के हस्तक्षेप से उसकी जान बच सकी.

**कार्यालय जनपद पंचायत रामनगर जिला मैहर म0प्र0**

E-mail :- jpramsat-mp@nic.in

क्र./ज.पं/मु.क.वि./2026-27/ 92 रामनगर, दिनाँक 16/4/26

**(निविदा - विज्ञप्ति)**

जनपद पंचायत रामनगर जिला मैहर में मुख्यमंत्री कन्या विवाह / निकाह योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 हेतु कन्याओ के सामूहिक विवाह आयोजन हेतु टेंट एवं भोजन सामग्री की दरो का निर्धारण किया जाना हैं ।

उक्त टेन्ट एवं भोजन सामग्री की निविदा प्रपत्र दिनांक 17/04/2026 से 23/04/2026 सायं 04.00 बजे तक कार्यालय जनपद पंचायत रामनगर जिला मैहर में जमा किये जा सकेगें ।निविदा दिनांक 24/04/2026 को समय सायं 4.00 बजे निविदा कर्ताओ एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष जनपद स्तरीय क्रय समिति द्वारा खोली जावेगी ।निविदा 02 प्रथक - प्रथक लिफाफे में तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव ( मुख्यमंत्री कन्या विवाह / निकाह योजना हेतु व सम्बन्धित फर्म का नाम एवं पता लिखा हों) जमा करनी होगी। टेन्ट एवं भोजन सामग्री हेतु प्रथक - प्रथक निविदा प्रस्तुत करनी होगी निविदा प्रपत्र में तकनीकी प्रस्ताव के साथ अमानत राशि रुपये 15000.00 (पन्द्रह हजार रुपये मात्र) का एफडीआर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रामनगर जिला मैहर के पक्ष में देय हो संलग्न करना अनिवार्य होगा जो सतना / मैहर स्थित राष्ट्रीकृत बैंको में भुगतान योग्य हो ।निविदा प्रपत्र शुल्क रुपये 1000.00 (एक हजार रुपये मात्र) टेन्ट एवं भोजन सामग्री पृथक-पृथक देय होगा ।

प्रदाय की जाने वाली टेंट सामग्री की सूची मात्रा एवं अन्य विस्तृत जानकारी कार्यालय जनपद पंचायत रामनगर से प्राप्त की जा सकेंगी व अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में निविदा प्रकाशन दिनांक से सभी कार्यालयीन दिवसो में प्राप्त की जा सकती हैं।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जनपद पंचायत रामनगर जिला मैहर ( म0प्र0)**